# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/06/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** $\left(2+\frac{3}{2}\right)^2-\left[4-\left(\frac{6}{3}\right)^2\right]\div\frac{1}{2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ A. $\frac{49}{4}$
✗ B. $\frac{7}{4}$
✓ C. $\frac{49}{2}$
✗ D. $\frac{7}{2}$

**Q.2** चार अंकों की एक संख्या 3P2Q, 2 और 3 दोनों से विभाज्य है। P + Q का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ A. 2
✗ B. 7
✓ C. 1
✗ D. 4

**Q.3** यदि x और 36 के बीच मध्यानुपाती 12 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ A. 6
✓ B. 4
✗ C. 7
✗ D. 5

**Q.4** एक व्यक्ति एक वस्तु खरीदता है और उसे 15% लाभ पर बेचता है। यदि उसने उसे क्रय मूल्य से 25% कम पर खरीदा और मूल विक्रय मूल्य से ₹294 कम पर बेचा, तो उसे 30% लाभ अर्जित हुआ। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ A. ₹1,540
✗ B. ₹1,590
✓ C. ₹1,680
✗ D. ₹1,630

Q.5 एक व्यक्ति समतल जमीन पर खड़ा होकर, एक ऊर्ध्वाधर मीनार के शीर्ष की ओर देखता है। प्रेक्षक के नेत्र द्वारा बनाया गया उन्नयन कोण 60° है। यदि मीनार की ऊंचाई 18 m है, तो व्यक्ति और मीनार के आधार के बीच की क्षैतिज दूरी (मीटर में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. $6\sqrt{3}$
✘ B. $5\sqrt{3}$
✘ C. $4\sqrt{3}$
✘ D. $7\sqrt{3}$

Q.6 दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 6.5% वार्षिक दर से ऋण देते हैं। आशीष ने प्रत्येक बैंक से ₹3,40,000 का ऋण लिया। 2 वर्षों के बाद आशीष द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान किए गए साधारण ब्याज की धनराशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 21,900
✔ B. 20,400
✘ C. 21,400
✘ D. 19,900

Q.7 P और Q की संयुक्त वर्तमान आयु 46 वर्ष है। वर्तमान से 2 वर्ष पूर्व, P की आयु Q की आयु की दोगुनी थी। P की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 16 वर्ष
✘ B. 20 वर्ष
✔ C. 30 वर्ष
✘ D. 28 वर्ष

Q.8 दो वर्गाकार बगीचों की भुजाएं क्रमशः 16 m और 25 m हैं। एक तीसरा वर्गाकार बगीचा इस प्रकार बनाया जाना है कि उसकी भुजा की लंबाई, दिए गए दोनों बगीचों की भुजाओं की लंबाई का माध्यानुपाती हो। नए वर्गाकार बगीचे की भुजा की लंबाई कितनी होगी?

Ans
✔ A. 20 m
✘ B. 18 m
✘ C. 21 m
✘ D. 19 m

Q.9 निम्नलिखित में से किस राशि (₹ में) पर 16% की वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्षों में ₹1,440 का साधारण ब्याज प्राप्त होगा?

Ans
✘ A. 9,000
✔ B. 4,500
✘ C. 460.8
✘ D. 2,250

Q.10 कोई कार, 560 km की दूरी 9.5 घंटे में तय करती है, जिसमें से कुछ दूरी 40 km/h की चाल से, और कुछ दूरी 160 km/h की चाल से तय करती है। 160 km/h की चाल से तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 230 km
✔ B. 240 km
✘ C. 216 km
✘ D. 260 km

Q.11 तीन धनात्मक संख्याएँ, समानुपात में इस प्रकार हैं कि पहली संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात, दूसरी संख्या और तीसरी संख्या के अनुपात के बराबर है। यदि पहली संख्या 16 और दूसरी संख्या 24 है, तो तीसरी संख्या का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 32
✘ B. 48
✘ C. 64
✔ D. 36

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.12** 5 कुर्सियों और 3 मेजों की कीमत ₹12,500 है, जबकि 3 कुर्सियों और 5 मेजों की कीमत ₹15,500 है। 2 कुर्सियों और 2 मेजों की कीमत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. ₹7,000
- ✘ B. ₹6,000
- ✘ C. ₹7,500
- ✘ D. ₹6,500

**Q.13** एक बस 90 km की दूरी 45 km/h की चाल से, 120 km की दूरी 60 km/h की चाल से और 150 km की दूरी 75 km/h की चाल से तय करती है। संपूर्ण यात्रा के लिए बस की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 60 km/h
- ✘ B. 55 km/h
- ✘ C. 66 km/h
- ✘ D. 70 km/h

**Q.14** यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 40 है, तो लुप्त बारंबारता ज्ञात कीजिए।

| x | 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 2 | 3 | 1 | 4 | f | 4 |

**Ans**
- ✘ A. 7
- ✘ B. 1
- ✘ C. 4
- ✔ D. 5

**Q.15** पाइप A और पाइप B, किसी टंकी को क्रमशः 12 घंटे और 15 घंटे में भर सकते हैं। एक तीसरा पाइप C, पूरी टंकी को 20 घंटे में खाली कर सकता है। यदि A और B को एक साथ 2 घंटे के लिए खोला जाए और फिर C को भी खोल दिया जाए, तो टंकी को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✘ A. 10 घंटे
- ✘ B. 9.5 घंटे
- ✔ C. 9 घंटे
- ✘ D. 8 घंटे

**Q.16** एक विशेष प्रिंटिंग मशीन 1 घंटे 20 मिनट में 2400 पेज प्रिंट कर सकती है। इसी स्थिर दर से, मशीन 45 मिनट में कितने पेज प्रिंट कर सकती है?

**Ans**
- ✔ A. 1350
- ✘ B. 1250
- ✘ C. 1500
- ✘ D. 1450

**Q.17** दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 8 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 8 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans**
- ✘ A. 3
- ✘ B. 2
- ✔ C. 1
- ✘ D. 4

**Q.18** किसी वस्तु की कीमत में पहले 20% की वृद्धि की जाती है और फिर 20% की कमी की जाती है। यदि वस्तु की मूल कीमत ₹500 है, तो कीमत में कुल कितने प्रतिशत परिवर्तन हुआ?

**Ans**
- ✘ A. कोई परिवर्तन नहीं
- ✘ B. 2% की वृद्धि
- ✔ C. 4% की कमी
- ✘ D. 5% की कमी

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.19 एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹3,000 है। दुकानदार 10% और 20% की क्रमिक छूट प्रदान करता है। वस्तु का अंतिम विक्रय मूल्य कितना होगा?

Ans
- ✗ A. ₹2,250
- ✗ B. ₹2,100
- ✓ C. ₹2,160
- ✗ D. ₹2,200

Q.20 निम्नलिखित बंटन का बहुलक ज्ञात कीजिए।

| CL | 40-45 | 45-50 | 50-55 | 55-60 | 60-65 | 65-70 | 70-75 | 7! |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 4 | 4 | 13 | 5 | 6 | 5 | 2 | 1 |

Ans
- ✗ A. 48.57
- ✓ B. 52.65
- ✗ C. 51.34
- ✗ D. 54.60

Q.21 दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 32 है और उनका गुणनफल 220 है। उनके बीच का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 17
- ✗ B. 16
- ✗ C. 11
- ✓ D. 12

Q.22 तीन संख्याएँ 9 : 7 : 5 के अनुपात में हैं, और उनका LCM 2205 है। उनका HCF कितना है?

Ans
- ✗ A. 24
- ✓ B. 7
- ✗ C. 34
- ✗ D. 29

Q.23 सोलह एकसमान ठोस घन जिनमें से प्रत्येक की भुजा 2 cm है, को पिघलाकर उस घनाभ के रूप में ढाला जाता है जिसकी लंबाई उसकी चौड़ाई की दोगुनी है और ऊँचाई उसकी चौड़ाई के बराबर है। घनाभ का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $100 \text{ cm}^3$
- ✓ B. $128 \text{ cm}^3$
- ✗ C. $64 \text{ cm}^3$
- ✗ D. $96 \text{ cm}^3$

Q.24 एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 24% और 33% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 39%, 37% और 23% की क्रमिक छूट
(C) पहले 2 खिलौनों पर 24% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 12% की छूट
(D) 5 खिलौने खरीदने पर 2 खिलौने मुफ्त
एक ग्राहक 5 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

Ans
- ✓ A. C
- ✗ B. B
- ✗ C. D
- ✗ D. A

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.25 किसी वस्तु की कीमत में 20% की वृद्धि की जाती है। अगले चरण में, इसमें नई कीमत के x% की कमी की जाती है। अंत में, कीमत में मूल कीमत के 10% की वृद्धि की जाती है। यदि अंतिम कीमत, मूल कीमत के ठीक बराबर हो जाती है, तो x का मान कितना होगा?

Ans
✔ A. 25
✘ B. 17.5
✘ C. 12.25
✘ D. 22.75

Q.26 2 cm, 3 cm और 6 cm त्रिज्या वाले तीन गोलों के पृष्ठीय क्षेत्रफलों का योगफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
✘ A. 608 $cm^2$
✘ B. 612 $cm^2$
✔ C. 616 $cm^2$
✘ D. 620 $cm^2$

Q.27 अरुण ने एक वस्तु को ₹1,786.40 में बेचा और उसे 12% की हानि हुई। 14% का लाभ अर्जित करने के लिए, उसे उस वस्तु को किस मूल्य पर बेचना चाहिए?

Ans
✘ A. ₹2,268.70
✔ B. ₹2,314.20
✘ C. ₹2,485.70
✘ D. ₹2,112.20

Q.28 $55\frac{1}{8} + 55\frac{3}{8} + 55\frac{5}{8} + 55\frac{7}{8}$ को सरल कीजिए।

Ans
✔ A. 222
✘ B. 226
✘ C. 220
✘ D. 224

Q.29 $\frac{\left(\frac{16}{21}\right)}{\left(\frac{16}{4}\right)} \div \left(\frac{4}{5} \times \frac{10}{12} + \frac{4}{7}\right) + \frac{4}{8} \div \frac{26}{14} \text{ of } \frac{14}{8}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. $\frac{1}{15}$
✘ B. $\frac{7}{23}$
✘ C. $\frac{2}{5}$
✔ D. $\frac{4}{13}$

Q.30 चतुर्भुज PQRS में, $\angle P = 2\angle Q$, $\angle Q = \frac{\angle R}{4}$, $\angle R = 2\angle S$ है। $\angle S$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. $85^\circ$
✔ B. $80^\circ$
✘ C. $60^\circ$
✘ D. $45^\circ$

Section : **General Awareness**

**Q.31** निम्नलिखित में से कौन-सा जल प्रदूषण का एक अबिंदु स्रोत है?

**Ans**
- ✗ A. वाहितमल निकास
- ✗ B. शहरी झंझा नीर अपवाह
- ✓ C. कृषि अपवाह
- ✗ D. औद्योगिक विसर्जन पाइप

**Q.32** प्रायः आप किसी ऊँची बाड़ के पीछे से बोलते हुए व्यक्ति की आवाज़ सुन सकते हैं, भले ही आप उसे देख न सकें। ध्वनि तरंगों का कौन-सा गुण इस घटना की व्याख्या करता है?

**Ans**
- ✗ A. अपवर्तन (Refraction)
- ✗ B. ध्रुवण (Polarization)
- ✓ C. विवर्तन (Diffraction)
- ✗ D. परावर्तन (Reflection)

**Q.33** सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति मुख्य रूप से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✓ A. संसद में मंत्रियों द्वारा किए गए वादों और वचनबद्धताओं से
- ✗ B. संसद में सरकारी व्यय की निगरानी से
- ✗ C. अनुच्छेद 312 के तहत नियमों के परीक्षण से
- ✗ D. सार्वजनिक उद्यमों की नीति समीक्षा से

**Q.34** नींबू के रस में अम्ल की उपस्थिति का परीक्षण करने के लिए आप किस पदार्थ का उपयोग करेंगे?

**Ans**
- ✓ A. लिटमस पेपर
- ✗ B. बेकिंग सोडा
- ✗ C. शर्करा
- ✗ D. जल

**Q.35** विदेश में जन्मे भारतीय नागरिकों के बच्चे वंश के आधार पर भारतीय नागरिक तभी बनते हैं जब उनका जन्म भारतीय वाणिज्य दूतावास में _______ के भीतर पंजीकृत कराया जाता है।

**Ans**
- ✓ A. एक वर्ष
- ✗ B. छह माह
- ✗ C. चार वर्ष
- ✗ D. तीन वर्ष

**Q.36** विंडोज में F5 कुंजी को दबाने पर प्रायः कौन-सी क्रिया होती है?

**Ans**
- ✓ A. वर्तमान विंडो या पेज को रीफ्रेश करता है
- ✗ B. हेल्प (help) खोलता है
- ✗ C. अगले टैब में नेविगेट करता है
- ✗ D. एक नई विंडो खोलता है

**Q.37** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प बाबा रामचंद्र के नेतृत्व में हुए आंदोलन का चित्रण करता है?

**Ans**
- ✗ A. ब्रिटिश शिक्षा नीति के विरुद्ध एक विरोध प्रदर्शन
- ✓ B. शोषणकारी ज़मींदारों के विरुद्ध एक ग्रामीण विद्रोह
- ✗ C. कारखानों में श्रमिकों की हड़ताल
- ✗ D. एक धार्मिक सुधार आंदोलन

**Q.38** 3 नवंबर 2025 को किस राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री जीवन प्रेरणा योजना (Chief Minister Jibon Prerana Scheme) शुरू की?

**Ans**
- ✗ A. मणिपुर
- ✗ B. सिक्किम
- ✗ C. ओडिशा
- ✓ D. असम

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.39 कोई यूजर, कंप्यूटर के रीबूट होने की प्रतीक्षा किए बिना कार्य को शीघ्रता से रोककर कुछ मिनटों के बाद पुनः शुरू करना चाहता है। इसके लिए सर्वोत्तम विकल्प कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. OS को पुनः इंस्टॉल करना (Reinstall OS)
- ✗ B. फॉर्मेट डिस्क (Format disk)
- ✗ C. पूर्ण शटडाउन (Complete shutdown)
- ✓ D. स्लीप मोड (Sleep mode)

Q.40 निम्नलिखित में से किस तैराक ने 2025 विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में 200 m ब्रेस्टस्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीता, साथ ही चैंपियनशिप रिकॉर्ड और अमेरिकी रिकॉर्ड भी बनाया?

Ans
- ✗ A. एवगेनिया चिकुनोवा (Evgeniia Chikunova)
- ✗ B. टोरी हस्क (Torri Huske)
- ✗ C. क्लेयर कर्जन (Claire Curzan)
- ✓ D. केट डगलस (Kate Douglass)

Q.41 10 से 23 फरवरी 2025 तक राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (Mahajan Field Firing Ranges) में आयोजित संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'साइक्लोन (CYCLONE)' के तीसरे संस्करण में निम्नलिखित में से किन देशों ने भाग लिया था?

Ans
- ✗ A. भारत और नामीबिया
- ✗ B. भारत और चीन
- ✗ C. भारत और ईरान
- ✓ D. भारत और मिस्र

Q.42 हाल ही में, उच्च समुद्र संधि 'BBNJ' के तहत कानून बनाने के लिए, 12 सदस्यीय मसौदा समिति का गठन किसकी अध्यक्षता हुआ था?

Ans
- ✗ A. नितिन गड़करी
- ✓ B. संजय उपाध्याय
- ✗ C. रवि शंकर प्रसाद
- ✗ D. रमेश पोखरियाल

Q.43 इक्रिस कैपिटल की भारत के ग्रीन बिल्डिंग मार्केट पर रिपोर्ट के अनुसार, भारत के ग्रीन बिल्डिंग सेक्टर में 10.5% की CAGR से वृद्धि होने का अनुमान है और यह किस वर्ष तक लगभग $85 बिलियन के प्राक्कलित आकार तक पहुंच जाएगा?

Ans
- ✗ A. 2033
- ✓ B. 2032
- ✗ C. 2030
- ✗ D. 2031

Q.44 निम्नलिखित में से कौन-सा खाद्य शृंखला में जैव आवर्धन का एक उदाहरण है?

Ans
- ✓ A. जल से शैवाल तक, शैवाल से मछलियों तक और मछलियों से पक्षियों तक DDT की सांद्रता में वृद्धि
- ✗ B. नदी-तल में गाद का तीव्र अवसादन
- ✗ C. जल निकायों से पीड़कनाशी का वाष्पन होकर वायु में फैलना
- ✗ D. नाइट्रेट के स्तर में वृद्धि के कारण शैवाल प्रस्फुटन

Q.45 विकासशील देशों में अवसंरचना विकास को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी रणनीति महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ A. केवल शहरी क्षेत्रों पर फोकस
- ✗ B. सरकारी वित्तपोषण पर पूर्ण निर्भरता
- ✗ C. विदेशी निवेश पर प्रतिबंध
- ✓ D. सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहन

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.46 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य को पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन का निर्देश देता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 37A
- ✗ B. अनुच्छेद 43A
- ✓ C. अनुच्छेद 48A
- ✗ D. अनुच्छेद 39A

Q.47 RAM और ROM किस व्यापक श्रेणी (broader category) से संबंधित हैं?

Ans
- ✓ A. प्राइमरी मेमोरी
- ✗ B. आउटपुट डिवाइस
- ✗ C. प्रोसेसिंग यूनिट
- ✗ D. इनपुट डिवाइस

Q.48 विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में महिला एकल चैंपियन को कौन-सा पुरस्कार प्रदान किया जाता है?

Ans
- ✓ A. वीनस रोज़वाटर डिश
- ✗ B. बोर्ग-मैकएनरो ट्रॉफी
- ✗ C. सुज़ैन लेंगलन ट्रॉफी
- ✗ D. आर्थर ऐश ट्रॉफी

Q.49 वर्ष 2025 में विश्व शौचालय दिवस किस तिथि को मनाया गया?

Ans
- ✗ A. 19 अक्टूबर
- ✓ B. 19 नवंबर
- ✗ C. 9 नवंबर
- ✗ D. 9 अक्टूबर

Q.50 जैविक खेती के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

Ans
- ✓ A. जैविक खेती उच्च तकनीक पर अत्यधिक निर्भर होती है
- ✗ B. जैविक खेती में कृत्रिम रसायनों का उपयोग नहीं किया जाता है
- ✗ C. जैविक खेती मृदा जीवजात के लिए लाभदायक होती है
- ✗ D. जैविक खेती पर्यावरण-अनुकूल होती है

Q.51 भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी की अनुमति देने के लिए किन अधिनियमों में संशोधन किया जा रहा है?

Ans
- ✓ A. परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और CLND अधिनियम, 2010
- ✗ B. विद्युत अधिनियम, 2003 और परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962
- ✗ C. विद्युत अधिनियम, 2003 और CLND अधिनियम, 2010
- ✗ D. परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001

Q.52 आधुनिक आवर्त सारणी में किसी वर्ग में नीचे जाने पर संयोजी इलेक्ट्रॉनों की संख्या में क्या परिवर्तन होता है?

Ans
- ✗ A. दो की वृद्धि होती है
- ✓ B. समान रहती है
- ✗ C. एक की कमी होती है
- ✗ D. एक की वृद्धि होती है

Q.53 भारत में, संविधान की नवीन व्याख्याओं और न्यायिक समीक्षा के दायरे के विस्तार के माध्यम से परिलक्षित न्यायिक सक्रियता की अवधारणा निम्नलिखित में से किस अवधि के दौरान शुरू की गई थी?

Ans
- ✓ A. 1970s के मध्य
- ✗ B. 1980s के मध्य
- ✗ C. 1990s के मध्य
- ✗ D. 1960s के मध्य

Q.54 पश्चिमी भारत में शकों को पराजित करने और उनके क्षेत्रों पर कब्जा करने के बाद, किस गुप्त शासक ने अपनी सर्वोच्चता को दर्शाने के लिए "विक्रमादित्य" की शाही उपाधि धारण की?

Ans
- ✔ A. चंद्रगुप्त द्वितीय
- ✗ B. कुमारगुप्त प्रथम
- ✗ C. समुद्रगुप्त
- ✗ D. स्कंदगुप्त

Q.55 कुकी विद्रोह (1917-19) किस क्षेत्र में हुआ था?

Ans
- ✗ A. त्रिपुरा
- ✔ B. मणिपुर
- ✗ C. नागालैंड
- ✗ D. असम

Q.56 वर्ष 2024 में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) द्वारा किए गए शोध अध्ययन के अनुसार, भारत में गरीबी का स्तर क्या है?

Ans
- ✗ A. 5% से अधिक और 10% से कम
- ✗ B. 15% से अधिक
- ✔ C. 5% से कम
- ✗ D. 18% से कम लेकिन 10% से अधिक

Q.57 हड़प्पा सभ्यता में, धोलावीरा में, ________ का उपयोग विशाल किलेबंदी के निर्माण के लिए किया जाता था।

Ans
- ✗ A. काष्ठ
- ✗ B. ग्रेनाइट
- ✗ C. ईंट
- ✔ D. पत्थर

Q.58 चोल, दक्षिण भारत में निम्नलिखित में से किस राजवंश की सत्ता को उखाड़ फेंकने के बाद सत्ता में आए?

Ans
- ✗ A. चेर
- ✔ B. पल्लव
- ✗ C. राष्ट्रकूट
- ✗ D. सातवाहन

Q.59 किस भारतीय राज्य के पश्चिमी तट के साथ कोंकण तट स्थित है?

Ans
- ✗ A. कर्नाटक
- ✗ B. केरल
- ✗ C. ओडिशा
- ✔ D. महाराष्ट्र

Q.60 किस संगठन के लीडर अगस्त के अंत या शुरुआती सितंबर, 2025 में तिआनजिन में आयोजित शिखर सम्मेलन में एकत्रित हुए थे?

Ans
- ✗ A. कॉमनवेल्थ (CW)
- ✗ B. ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (G20)
- ✗ C. एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस (ASEAN)
- ✔ D. शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO)

Q.61 निम्नलिखित में से कौन-सा, मूल राशि का एक उदाहरण नहीं है?

Ans
- ✗ A. विद्युत धारा
- ✗ B. ज्योति तीव्रता
- ✗ C. समय
- ✔ D. वेग

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.62 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 371A में कहा गया है कि 'उत्तर-पूर्वी राज्य नागालैंड को भी विशेष दर्जे का विशेषाधिकार प्रदान किया गया था'। यह किस संघवाद को निरूपित करता है?

Ans
- ✗ A. प्रतिस्पर्धी संघवाद (Competitive federalism)
- ✓ B. असममित संघवाद (Asymmetric federalism)
- ✗ C. केंद्रीकृत संघवाद (Centralised federalism)
- ✗ D. सौदेबाजी संघवाद (Bargaining federalism)

Q.63 भारत का राष्ट्रपति किन केंद्र शासित प्रदेशों के लिए शांति, प्रगति और सुशासन के विनियम बना सकता है, जहाँ विधान सभाएँ नहीं हैं?

Ans
- ✗ A. जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख
- ✗ B. चंडीगढ़ एवं पुडुचेरी
- ✗ C. पुडुचेरी एवं दिल्ली
- ✓ D. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सी नदी मुख्य रूप से भारत में उत्खात-भूमि स्थलाकृति के गठन के लिए उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ A. गंगा
- ✓ B. चंबल
- ✗ C. ब्रह्मपुत्र
- ✗ D. यमुना

Q.65 जब विंडोज में कोई प्रोग्राम "Not Responding" के रूप में दिखाई देता है और उपयोगकर्ता उसे टास्क मैनेजर का उपयोग करके बंद कर देता है, तो वास्तव में ऑपरेटिंग सिस्टम से प्रभावी रूप से किस कार्रवाई का अनुरोध किया जा रहा है?

Ans
- ✗ A. प्रोग्राम के फ़ाइल टाइप को बदलने का
- ✗ B. प्रोग्राम को किसी अन्य ड्राइव पर मूव करने का
- ✓ C. प्रोसेस को समाप्त करने और उसके रिसोर्स को रिलीज़ करने के लिए फोर्स करने का
- ✗ D. प्रोग्राम को सर्विस (service) में परिवर्तित करने का

Q.66 कौन-सी भाषा, अपनी अनूठी लिपि "गुरमुखी (Gurmukhi)" के लिए जानी जाती है?

Ans
- ✗ A. हिंदी
- ✗ B. बंगाली
- ✗ C. उर्दू
- ✓ D. पंजाबी

Q.67 निम्नलिखित में से कौन-सी, भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है?

Ans
- ✓ A. भाखड़ा नांगल
- ✗ B. दामोदर घाटी
- ✗ C. सरदार सरोवर
- ✗ D. हीराकुड

Q.68 1498 में भारत के कालीकट में सबसे पहले कदम रखने वाले पुर्तगाली अभियान का नेतृत्व किसने किया था?

Ans
- ✗ A. पेड्रो अल्वारेस कैब्रल (Pedro Álvares Cabral)
- ✗ B. अल्फांसो डी अल्बुकर्क (Alfonso de Albuquerque)
- ✗ C. बार्थोलोम्यू डियाज़ (Bartholomew Diaz)
- ✓ D. वास्को डी गामा (Vasco da Gama)

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.69 महाबलीपुरम के पल्लव मंदिर मुख्य रूप से किससे बने हैं?

Ans
- ✗ A. संगमरमर
- ✗ B. लैटेराइट
- ✓ C. ग्रेनाइट
- ✗ D. केवल बलुआ पत्थर

Q.70 निम्नलिखित में से कौन-सा भौगोलिक कारक मानव बस्तियों के स्थान और वृद्धि को सबसे अधिक प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है?

Ans
- ✓ A. ताजे जल की उपलब्धता
- ✗ B. भूमध्य रेखा से दूरी
- ✗ C. स्थानीय मृदा का रंग
- ✗ D. आस-पास की पहाड़ियों की आकृति

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.71 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GLOW' को '3187' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'WOLF' को '1273' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'G' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 7
- ✗ B. 1
- ✗ C. 3
- ✓ D. 8

Q.72 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है', और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पति है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'V - D + Q × T ÷ R' है, तो V का R से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पुत्री
- ✗ B. पुत्र की पत्नी
- ✗ C. बहन की पुत्री
- ✓ D. पुत्री की पुत्री

Q.73 सात व्यक्ति X, Y, Z, A, B, C और D, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, Y के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। X और C के ठीक बीच में B बैठा है। Z, X के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Z के सापेक्ष A की स्थिति क्या है?

Ans
- ✗ A. दाईं ओर दूसरे स्थान पर
- ✗ B. बाईं ओर दूसरे स्थान पर
- ✗ C. ठीक बाईं ओर पड़ोस में
- ✓ D. ठीक दाईं ओर पड़ोस में

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

PCO QGL RKI SOF ?

Ans
- ✗ A. CAP
- ✗ B. SDF
- ✓ C. TSC
- ✗ D. SKM

Q.75 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

78 - 88
32 - 42

Ans
- ✗ A. 90 - 110
- ✗ B. 45 - 56
- ✗ C. 98 - 88
- ✓ D. 110 - 120

Q.76 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
135 146 168 201 245 ?

Ans
- ✗ A. 290
- ✗ B. 280
- ✓ C. 300
- ✗ D. 310

Q.77 अभिनव बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम दिशा की ओर 16 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़कर 19 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह फिर दाएँ मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़कर 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
- ✗ A. 6 km, दक्षिण की ओर
- ✗ B. 5 km, उत्तर की ओर
- ✗ C. 5 km, दक्षिण की ओर
- ✓ D. 6 km, उत्तर की ओर

Q.78 यदि संख्या 7632198 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. एक का भी नहीं
- ✗ B. दो
- ✓ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.79 सात बॉक्स G, H, I, J, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों।
I और R के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। S के ऊपर केवल J को रखा गया है। केवल तीन बॉक्स I के नीचे रखे गए हैं। H को G के नीचे किसी एक स्थान पर और Q के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। Q के ऊपर तीसरा बॉक्स कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. J
- ✗ B. S
- ✗ C. R
- ✓ D. G

Q.80 एक निश्चित तरीके से DI 12 का संबंध JE 3 से है। उसी प्रकार, EW 11 का संबंध KS 2 से है। समान तर्क के आधार पर, KN 19 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. TR 11
- ✓ B. QJ 10
- ✗ C. HY 14
- ✗ D. LP 9

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.81 LL 22 का संबंध एक निश्चित तरीके से JH 6 से है। उसी प्रकार, CR 20 का संबंध AN 4 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, GN 14 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. FI −4
- ✗ B. FJ −4
- ✗ C. EI −2
- ✓ D. EJ −2

Q.82 दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

RHE 53, WMC 61, BRA 69, GWY 77, ?

Ans
- ✗ A. MAX 85
- ✗ B. KCU 83
- ✓ C. LBW 85
- ✗ D. KBV 83

Q.83 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।) (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 1 1 9 4 8 6 9 2 4 2 8 9 7 1 3 2 7 5 8 2 1 5 3 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

Ans
- ✗ A. पाँच
- ✓ B. चार
- ✗ C. दो
- ✗ D. तीन

Q.84 छह बक्से E, F, G, H, I और B एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे हों। F के ऊपर केवल तीन बक्से रखे जाते हैं। H और F के बीच केवल एक बक्सा रखा जाता है। H और I के बीच केवल तीन बक्से रखे जाते हैं।
I को F के ऊपर किसी स्थान पर रखा जाता है। B को I के ठीक नीचे रखा जाता है। E को G के नीचे किसी स्थान पर रखा जाता है। G और H के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. चार
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

Q.85 सात व्यक्ति F, G, H, L, M, O और Q एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H के बाईं ओर केवल Q बैठा है। Q और G के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। L और M के बीच केवल F बैठा है तथा L, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है। O और H के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. एक
- ✓ C. चार
- ✗ D. तीन

Q.86 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. FE-KU
- ✗ B. KJ-PZ
- ✗ C. PO – UE
- ✓ D. HG – NW

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.87 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ पत्ते, पेड़ हैं।
सभी कुर्सियाँ, पेड़ हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ पत्ते, कुर्सियाँ हैं।
(II) सभी पेड़, कुर्सियाँ हैं।

Ans
✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✘ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✘ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✘ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.88 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

280 225 175 130 90 55 ?

Ans
✘ A. 28
✘ B. 31
✔ C. 25
✘ D. 34

Q.89 उत्तर की ओर अभिमुख 38 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, कीर्ति दाएं छोर से 13वें स्थान पर है। यदि तन्वी, कीर्ति के बाईं ओर 7वें स्थान पर बैठी है, तो पंक्ति के बाएं छोर से तन्वी का स्थान कौन-सा है?

Ans
✘ A. 17वां
✘ B. 20वां
✔ C. 19वां
✘ D. 18वां

Q.90 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन: कुछ बोतलें, जार हैं। सभी जार, बॉक्स हैं।
निष्कर्ष
(I) कुछ बॉक्स, बोतलें हैं।
(II) सभी बॉक्स, जार हैं।

Ans
✘ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✘ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✔ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✘ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.91 यदि संख्या 8254316 में प्रत्येक विषम अंक में 3 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से पहले अंक और दाएँ से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
✘ A. 0
✔ B. 10
✘ C. 4
✘ D. 6

Q.92 यदि संख्या 7254136 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✘ A. एक
✘ B. दो
✘ C. तीन
✔ D. एक भी नहीं

Q.93 एक निश्चित कूट भाषा में,
A : B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A ? B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'C ? O : V @ E + R' है, तो C का R से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी का भाई
- ✓ B. पत्नी की माता
- ✗ C. पत्नी का पिता
- ✗ D. पत्नी की बहन

Q.94 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. JKO
- ✗ B. ROS
- ✗ C. MJN
- ✗ D. LIM

Q.95 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'JACK' को '9621' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'CALK' को '6231' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'L' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 2
- ✓ C. 3
- ✗ D. 6

Q.96 कौन-सा अक्षर समूह, दी गई शृंखला को पूर्ण करने के लिए प्रश्न-चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

CDX DFU EHR ? GLL

Ans
- ✗ A. FGY
- ✗ B. FTR
- ✓ C. FJO
- ✗ D. FDR

Q.97 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से WTQT का संबंध VSPS से है। उसी प्रकार, ZWTW का संबंध YVSV से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OLIL का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✓ A. NKHK
- ✗ B. NJGK
- ✗ C. NLGO
- ✗ D. NKGK

Q.98 दी गई संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय हैं।

(बाएं) 3 8 7 5 3 2 1 9 6 4 8 7 5 2 1 4 6 3 2 9 8 7 5 4 1 5 2 6 9 8 7 5 6 3 2 1 5 4 7 8 5 1 2 5 9 6 3 9 8 7 5 1 4 5 2 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है और ठीक बाद एक विषम अंक है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

Ans
- ✓ A. 8
- ✗ B. 6
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

Q.99 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) H U N V Y M L N D M Q M B E M N Z W M J I N F Q N (दाएं)

शृंखला के दाएं छोर से पांचवें अक्षर और बाएं छोर से आठवें अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला शृंखला में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. तीन
- ✓ C. चार
- ✗ D. पांच

Q.100 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. GHE
- ✗ B. LMJ
- ✓ C. CDB
- ✗ D. STQ

"

Prepp
Your Personal Exams Guide